PIC : DAINIK JAGRAN I NEXT

हौसले को सलाम

ईशा अग्रवाल दिव्यांग हैं. वह चलने में असमर्थ हैं. इसके बावजूद उन्होंने अपनी इच्छाशक्ति और कड़ी मेहनत से उन्होंने आईआईएम में अपनी पढ़ाई पूरी की. व्हीलचेयर पर आयीं ईशा ने भी डिग्री प्राप्त की. ईशा ने कहा, कोशिश की जाए तो कुछ भी नामुमकिन नहीं है. मेरा खुद पर विश्वास था, दूसरों को भी यही संदेश देती हूं. >> PG 6

inext, 16.03.2018, Pg. 1

गले में गोल्ड मेडल और चेहरे पर खुशी.

गोल्डेन स्माइल

ranchi@inext.co.in

आईआईएम रांची के स्टूडेंट्स के लिए गुरुवार का दिन बेहद खास रहा. खेलगांव स्थित डॉ. राम दयाल मुंडा कला सभागार में संपन्न सातवें दीक्षांत समारोह में 222 स्टूडेंट्स को डिग्री मिली, तो सभी के चेहरे खिल उठे. समारोह में आइआइएम रांची के चेयरमैन प्रवीण शंकर पांड्या ने पीजीडीएम के 134, पीजीडीएचआरएम के 51 व पीजीईएक्सपी के 37 विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रदान किया. आईआईएम रांची के निदेशक शैलेंद सिंह ने कहा की इस साल 222 विद्यार्थियों को उपाधि मिली, जिसमें से 9 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया. इस मौके पर आइआइएम के विद्यार्थी शरद अग्रवाल की मौत के कारण उनके माता-पिता ने उनकी उपाधि ली. इस दौरान उनकी आंखों में अपने बेटे को खोने का गम साफ नजर आ रहा था.

कॉन्वोकेशन के दौरान मौजूद स्टूडेंट्स.

कॉन्वकेशन में पैरेंट्स के साथ एक छात्रा.

इस पल का ही तो बेसब्री से था इंतजार...

If you are throwing a party, celebrating any festival or mounting an exhibition. We will report it. Call us at 7759867457 or email at ranchi@inext.co.in.

For more party photos, go to www.inextlive.com/citylights

For more city news log on to www.inextlive.com

I am framed

स्टूडेंट को डिग्री देते चीफ गेस्ट व अन्य.